

विराट कोहली आईपीएल से रिटायर नहीं हो रहे हैं, विराट ने वादा किया था कि वह अपना पहला और आखिरी मैच सिर्फ बेंगलुरु के लिए ही खेलेंगे। - मोहम्मद कैफ

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, विराट कोहली के रिटायरमेंट को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### मेहदी हसन



बंगलादेश के वनडे कप्तान मेहदी हसन का मानना है कि टीम अपनी गलतियों से नहीं सीख रही है, जिसका खामियाजा उन्हें 50 ओवरों के प्रारूप में भुगतना पड़ रहा है। अफ़ग़ानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में बंगलादेश का सफाया कर दिया, जिसमें बंगलादेश टीम की बल्लेबाजी बुरी तरह चरमरा गई। मेहदी ने कहा, ''हम हर हार से नहीं सीख रहे हैं। हम जरूरत के मुताबिक सुधार नहीं कर पा रहे हैं। हममें कुछ क्षेत्रों में जरूर कमी है, लेकिन हमें इन खिलाड़ियों के साथ आगे बढ़ना होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''हमारे पास (टीम के) बाहर ज़्यादा खिलाड़ी नहीं हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय एथलीट विस्पी खराडी ने दुनिया में अपनी ताकर का डंका बजा दिया है। खराडी ने हरक्यूलिस पिलर को लंब समय तक अपने हाथों से होल्ड कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा दिया है।

## अहमदाबाद, भारत की 2030 शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान के रूप में सिफारिश

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने आज पुष्टि की है कि वह 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स के प्रस्तावित मेजबान शहर के रूप में भारत के अहमदाबाद की सिफारिश करेगा। अमदावाद (जिसे भारत के गुजरात राज्य में अहमदाबाद के नाम से भी जाना जाता है) को अब पूर्ण कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स सदस्यता के लिए प्रस्तावित किया जाएगा, जिसका अंतिम निर्णय 26 नवंबर 2025 को ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स महासभा में लिया जाएगा।

अमदावाद की सिफारिश कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स मूल्यांकन समिति द्वारा देखरेख में की गई एक विस्तृत प्रक्रिया के बाद की गई है, जिसमें तकनीकी वितरण, एथलीट अनुभव, बुनियादी ढाँचा, शासन और कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स मूल्यों के साथ संरेखण सहित कई मानदंडों के आधार पर उम्मीदवार शहरों का मूल्यांकन किया गया था।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के गेम्स रीसेट सिद्धांतों के तहत, जो संभावित मेजबानों को नवोन्मेषी बनने और सहयोगात्मक रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, अहमदाबाद, भारत और अबुजा, नाइजीरिया, दोनों ने आकर्षक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जो कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स



मूवमेंट की महत्वाकांक्षा और क्षमता को दर्शाते हैं। यह सिफारिश कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स मूवमेंट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण का प्रतिनिधित्व करती है।

2030 के खेल, 1930 में हैमिल्टन, कनाडा में आयोजित उद्घाटन समारोह का शताब्दी वर्ष मनाएंगे। ग्लासगो 2026 तेजी से नजदीक आ रहा है और एथलीटों और प्रशंसकों, दोनों के लिए एक वाह कारक लाने का वादा करता है, आज की सिफारिश शताब्दी खेलों और उससे आगे के लिए एक रोमांचक मंच प्रदान करती है, जो दीर्घकालिक स्थिरता और गति प्रदान करती है। भारत, जो राष्ट्रमंडल में सबसे अधिक आबादी वाला देश है, का एक गौरवशाली खेल इतिहास और राष्ट्रमंडल खेलों की सफलता का एक मज़बूत रिकॉर्ड है, बर्मिंघम 2022 में पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। अहमदाबाद का प्रस्ताव राष्ट्रमंडल के मूल्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और आधुनिक खेलों के पैमाने और विविधता को दर्शाने वाले खेलों का आयोजन करने की उसकी क्षमता पर ज़ोर देता है।

## कतर, सऊदी अरब ने 2026 फीफा विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया

बीजिंग, 15 अक्टूबर। कतर और सऊदी अरब 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली नवीनतम दो एशियाई टीमें बन गईं। एशियाई क्वालीफायर के चौथे दौर में छह टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया था, जिसमें ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगे।

पिछले शनिवार को ग्रुप ए में ओमान को 2-1 से हराने के बाद, संयुक्त अरब अमीरात कतर के खिलाफ ड्रॉ के साथ क्वालीफाई कर सकता है, जिसने पिछले हफ्ते ओमान के साथ 0-0 का ड्रॉ खेला था।

पहले हाफ में गोलरहित रहने के बाद, 2022 विश्व कप के मेजबान ने ब्रेक के तुरंत बाद बढ़त बना ली, जब अकरम अफीफ की फ्री किक को बौआलम खोउखी ने गोल में पहुंचाया, इससे पहले पेड्रो मिगुएल ने मंगलवार को 74वें मिनट में अफीफ की एक और सहायता से स्कोर 2-0 कर दिया। 89वें मिनट में तारेक सलमान को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद कतर की टीम की कुल संख्या दस हो गई। इसके बाद यूएई ने अतिरिक्त समय में एक गोल वापस ले लिया।

## रोहित-विराट की होगी ऑस्ट्रेलिया में विदाई, अब बीसीसीआई ने कर दिया साफ

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। लगातार रोहित शर्मा और विराट कोहली के वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर अब बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने अब अपनी चुप्पी तोड़ दी है। दरअसल, चर्चा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली की विदाई हो जाएगी।

वहीं राजीव शुक्ला ने एएनआई से बातचीत में कहा कि रोहित-विराट की मौजूदगी टीम को फायदा दिलाएगी क्योंकि दोनों शानदार बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा कि, रोहित-विराट की वनडे टीम में मौजूदगी हमारे लिए फायदेमंद हैं। दोनों ही दिग्गज बल्लेबाज हैं। दोनों की उपस्थिति में मुझे लगता है कि हम ऑस्ट्रेलिया को मात देने में कामयाब होंगे। शुक्ला ने साथ ही कहा कि, जहां तक दोनों की आखिरी सीरीज का सवाल है तो ऐसा कुछ भी नहीं है। हम इन चीजों में कभी नहीं पड़ेंगे। ये खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि वो कब संन्यास लेना चाहता है। ये कहना कि आखिरी सीरीज है, बिलकुल गलत है।

बता दें कि, रोहित शर्मा और विराट कोहली का चयन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ



19 अक्तूबर से शुरू होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए हुआ है। दोनों दिग्गजों का लक्ष्य 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलना है, जो साउथ अफ्रीका और नामीबिया की मेजबानी में आयोजित होगा।

शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया है जबकि अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह और तिलक वर्मा ने दमदार प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ी है। इन खिलाड़ियों के कारण रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 2027 तक रोहित की उम्र 40 जबकि कोहली की उम्र 39 साल हो जाएगी।

## जोरावर सिंह संधू ने संभाली भारतीय चुनौती

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। अनुभवी भारतीय निशानेबाज ज़ोरावर सिंह संधू ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन विश्व चैंपियनशिप शॉटगन 2025 में पुरुष ट्रैप क्वालिफिकेशन के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और शीर्ष निशानेबाजों के साथ तालमेल बनाए रखा। ज़ोरावर ने 24 और 25 के राउंड शूट करते हुए कुल 49 हिट्स का स्कोर दर्ज किया और 133 प्रतिभागियों के मजबूत फील्ड में अपना स्थान बनाए रखा।

क्रोएशिया के एंटन ग्लासनोविच और मोरक्को के तौफीक एल हमरी फिलहाल पुरुष क्वालिफिकेशन में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 50 में से 50 का परफेक्ट स्कोर हासिल किया है। ज़ोरावर 13 अन्य निशानेबाज़ों के साथ 49 हिट्स पर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। एथेंस स्थित मलकासा शूटिंग रेंज पर पहले दिन शानदार मुकाबले देखने को मिले।

अन्य भारतीयों में, विवान कपूर और भवनीश मेन्दिरत्ता ने भी दूसरे राउंड में परफेक्ट 25 हिट किए। विवान ने दो राउंड में 23 और 25 का स्कोर बनाते हुए 48 हिट्स के साथ दिन का अंत किया।

### चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

## गजेन्द्र सिंह 28/5 की घातक गेंदबाजी से एन.बी. एकेडमी 5 विकेट से विजयी

जयपुर, 15 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज से एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में प्रारम्भ चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने गजेन्द्र सिंह 28 रन पर 5 विकेट, श्रवण गोदारा 34 रन पर 3 विकेट की घातक गेन्दबाजी की बदोलत नैना क्रिकेट एकेडमी को 5 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर नैना एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आशिष शर्मा 63 रन, 46 गेन्द 3 चौके 4 छक्के, रोविन सिंह 33 रन, भरत शर्मा 22 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज गजेन्द्र सिंह 28 रन पर 5 विकेट, श्रवण गोदारा 34 रन पर 3 विकेट की घातक गेन्दबाजी के समक्ष नहीं टिक सके और पूरी टीम 20 ओवर में 164 रन बनाकर सीमट गई। जवाबी पारी में एन.बी. किक्रेट एकेडमी की ओर से अमन सिंह 41 रन तथा चिराग



शर्मा 37 रन ने 6.3 ओवर में ही 74 रन जोड़कर शानदार शुरूआत की इसके बाद राहुल तोमर 43 रन ने चिराग शर्मा के साथ मिलकर 12 ओवर में ही स्कोर 128 रन पहुँचा कर टीम की जीत सुनिश्चत कर ली ओर 18.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 165 रन बनाकर 5 विकेट से नैना क्रिकेट एकेडमी को हरा दिया। इस मैच का मैनऑफ दा मैच गजेन्द्र सिंह एन.बी. क्रिकेट एकेडमी रहे।

## दक्षिण अफ्रीका ने 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

केप टाउन, 15 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार रात मपुमलंगा प्रांत के म्बोम्बेला स्टेडियम में रवांडा को 3-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। थालेंटे मबाथा, ओसविन अपोलिस और एविडेंस माकगोपा के गोलों ने जीत सुनिश्चित की और 2010 में टूर्नामेंट की मेजबानी के बाद पहली बार दक्षिण अफ्रीका को फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर वापस ला दिया। बेल्जियम के ह्यूगो ब्रूज द्वारा प्रशिक्षित, टीम ने 10 मैचों में 18 अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल किया और महाद्वीपीय प्रतिद्वंद्वी नाइजीरिया और आश्चर्यजनक दावेदार बेनिन से आगे रही। यह दक्षिण अफ्रीका का चौथा विश्व कप है, इससे पहले 1998 और 2002 में भी वह विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है, और 2010 में भी उसे मेजबान के रूप में स्वत: ही जगह मिली थी। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला और संस्कृति मंत्री गेटन मैकेंजी ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनके क्वालीफाई करने से ''पूरा देश खुशी से भर गया है।'' उन्होंने खिलाड़ियों की ''दिली, अनुशासन और दृढ़ संकल्प'' की सराहना की।

## रोहित और विराट को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर खेलते देखने का यह शायद आखिरी मौका : कमिंस

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भारत अपने बहुप्रतीक्षित 2025 के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कर रहा है, जिसमें तीन वनडे और पांच टी20 मैच शामिल हैं, जिसकी शुरुआत 19 अक्टूबर को होने वाले पहले वनडे से होगी। यह श्रृंखला और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि इसमें भारत के दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हो रही है। जियोहॉटस्टार पर विशेष बातचीत में, ऑस्ट्रेलियाई स्टार पैट कमिंस ने अहमदाबाद में अपनी टीम की 2023 आईसीसी विश्व कप की अविस्मरणीय जीत, रोहित और विराट की स्थायी विरासत और इन ऐतिहासिक मुकाबलों को लेकर उत्सुकता पर बात की।कमिंस ने 2023 विश्व कप जीत की यादें ताज़ा करते हुए कहा,अहमदाबाद में, भारी भीड़ के सामने, विश्व कप जीतना हमेशा मेरी सबसे अच्छी यादों में से एक रहेगा। इतने बेहतरीन साथियों के साथ ऐसा करना बहुत मज़ेदार था। हमने पूरे टूर्नामेंट का भरपूर आनंद लिया और खूब मस्ती की। हमने उस पल से अभिभूत होने की कोशिश नहीं की। हम बस जीतना चाहते थे। अगर हम नहीं जीतते, तो भी हमें कोई दिक्कत नहीं होती क्योंकि हम खुशी और आजादी के साथ खेले। उस पल से बहुत सारी बेहतरीन यादें जुड़ीं। रोहित शर्मा और विराट कोहली का सामना करने के महत्व पर उन्होंने कहा, विराट और रोहित पिछले 15 सालों से लगभग हर भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के लिए उन्हें यहां खेलते हुए देखने का यह आखिरी मौका हो सकता है। वे निश्चित रूप से भारत के लिए खेल के चैंपियन रहे हैं और उन्हें हमेशा बहुत अच्छा समर्थन मिलता है। जब भी हम उनके साथ खेलते हैं, दर्शक ज़ोर-ज़ोर से तालियां बजाते हैं। कमिंस ने भारत के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से उनकी अनुपस्थिति पर कहा,भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से चूकना शर्मनाक है।

## अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी : राजस्थान ने महाराष्ट्र को 34 रन से हराया

### सीनियर वीमेन टी-20 ट्रॉफी : राजस्थान ने सौराष्ट्र को 8 विकेट से हराया

जयपुर 15 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआईकी रांची में खेली जा रहे वीनू मांकड़ ट्रॉफी में राजस्थान ने महाराष्ट्र को 34 रन से हराया। वीनू मांकड़ अंडर 19 ट्रॉफी राजस्थान -महाराष्ट्र मैच। राजस्थान पारी 193/8, टीम के लिए कुशाग्र ओझा 61 , भव्य राज नाबाद 43 व जतिन नाबाद25 रन। महाराष्ट्र के गेंदबाज रौनक 44/4 विकेट। महाराष्ट्र पारी 159 आल आउट। टीम के लिए यतिराज 60 रन। राजस्थान के गेंदबाज अभिषेक 25 /3 , हनी प्रताप 43 /3 , जतिन 20 /2 व हर्षदगडी 38/2 विकेट। राजस्थान - छत्तीसगढ़ रणजी मैच (पहले दिन का स्कोर)

नाथद्वारा में राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - महाराष्ट्र रणजी मैच के पहले दिन का स्कोर :-छत्तीसगढ़ पहली पारी 287/7, पहले दिन का खेल समाप्त होने तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 287 रन बना लिए थे। टीम के लिए अजय मंडल नाबाद 116, वासुदेव नाबद 46



रन। राजस्थान के गेंदबाज अनिकेत चौधरी 48/3, खलील अहमद 65/2, मानव सुथार 88/1 विकेट ।

बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी20 ट्रॉफी (राजस्थान ने सौराष्ट्र को 8 विकेट से हराया) सौराष्ट्र पारी -103/8, टीम के लिए उमेश्वरी30 व आयुषी 26 रन। राजस्थान की गेंदबाज सोनल कलाल 20/3, शानू 17/2 व सुमन, अर्चना 1-1 विकेट। राजस्थान पारी104/2, टीम के लिए आयुषी गर्ग नाबाद 48, सुमित्रा जाट 31 व डिम्पल कँवर 13 रन। सौराष्ट्र की गेंदबाज धरणी, हिरवा 1-1 विकेट राजस्थान - मुंबई अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच कल से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडयम पर खेला जायेगा।

## ईशान किशन के शतक ने झारखंड़ को संकट से उबारा

चेन्नई, 15 अक्टूबर। कप्तान ईशान किशन के नाबाद शतक और साहुल राज के अर्धशतक की बदौलत झारखंड ने मुश्किल हालात से उबरते हुए आज कोयंबटूर में तमिलनाडु के खिलाफ पहले एलीट ए ग्रुप रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के पहले दिन छह विकेट पर 307 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए, झारखंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और 51 ओवर में छह विकेट पर 157 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था।

हालांकि, बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन ने अपना नौवां प्रथम श्रेणी शतक जड़कर टीम को संकट से उबारा और इस दौरान आठवें नंबर के बल्लेबाज साहुल राज (64 रन, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ सातवें विकेट के लिए 39 ओवर में 150



रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्थिति में पहुँचाया।

दिन की समाप्ति के समय ईशान किशन 125 रन (183 गेंद, 14 चौके, 2 छक्के) बनाकर खेल रहे थे और टीम को अच्छा स्कोर बनाने में मदद करने के लिए अपनी पारी को आगे बढ़ाना चाहेंगे। इससे पहले सलामी बल्लेबाज शरणदीप सिंह ने 48 रन बनाए, जबकि शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज बाएँ हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह के हाथों आउट हो गए, जिन्होंने शीर्ष क्रम को ध्वस्त करते हुए तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर डी. टी. चंद्रशेखर ने दो विकेट लेकर सराहनीय सहयोग दिया।

**संक्षिप्त स्कोर:** झारखंड 90 ओवर में 6 विकेट पर 307 रन (शरणदीप सिंह 48, ईशान किशन नाबाद 125, साहिल राज नाबाद 64 , गुरजपनीत सिंह 51 रन पर 3 विकेट, डी. टी. चंद्रशेखर 99 रन पर 2 विकेट)



## यूनियन फुटबॉल क्लब टूर्नामेंट का शुभारंभ

जयपुर, 15 अक्टूबर। बुधवार को प्रात: न्यायाधीश हरिओम अत्री ने यूनियन फ़ुटबॉल क्लब2025 के तीन दिवसीय बालक-बालिका फ़ुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ यूनियन फ़ुटबॉल क्लबग्राउंड नंबर. 2, रामनिवास बाग, जयपुर में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोबाइल और डिजिटल युग के कारण नई पीढ़ी का अधिकांश समय वीडियो गेम्स में व्यर्थ जा रहा है, परंतु क्लब कोऑर्डिनेटर अभिनव स्वामी के प्रयास सराहनीय हैं, जो खेल के माध्यम से युवाओं में नई ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्र को स्वस्थ एवं सशक्त मानव संसाधन देने की दिशा में सफल प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में न्यायाधीश लोकेन्द्र सिंह शेखावत, न्यायाधीश प्रदीप कुमावत, मैत्री लोन के बसंत गोयल, क्लब सचिव महिपाल स्वामी सहित सैकड़ों खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। आज कुल 9 बालक टीमों एवं 2 बालिका टीमों ने भाग लिया।

## भीलवाड़ा की अदविका बैडमिंटन में बनी राजस्थान चैम्पियन

जयपुर, 15 अक्टूबर। जोधपुर में 10 से 15 अक्टूब तक आयोजित प्रतिष्ठित योनेक्स-सनराइज राजस्थान स्टेट सब जूनियर अंडर-15 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भीलवाड़ा की प्रतिभावान खिलाड़ी अदविका शर्मा ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। अदविका ने इस चैंपियनशिप में 2 स्वर्ण पदक और कांस्य पदक जीतकर ''राजस्थान चैंपियन'' का खिताब अपने नाम किया। उनकी इस अविश्वसनीय उपलब्धि ने पूरे प्रदेश में भीलवाड़ा का नाम रोशन किया है।

यह भीलवाड़ा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि अदविका यह कीर्तिमान स्थापित करने वाली जिले की पहली बालिका खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अद्भुत प्रतिभा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विजय सिंह सक्तावत, संयुक्त सचिव भूपेन्द्र सिंह पंवार, रितेश क्षोत्रिय, उपाध्यक्ष राजेश भदादा एवं साहिल सालगिया, संदीप आनन्द सहित कई पदाधिकारियों ने अदविका शर्मा को इस शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना कामना की। अदविका की यह सफलता जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए एक महान प्रेरणा है। अदविका शर्मा भुवनेश्वर में 1 से 6 दिसम्बर तक को होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी।

## सनत सांगवान और आयुष डोसेजा शतक के करीब, दिल्ली का मजबूत स्कोर

हैदराबाद, 15 अक्टूबर। सनत सांगवान (नाबाद 91) और आयुष डोसेजा (नाबाद 97) तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 143 रन की अविजित साझेदारी की बदौलत दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन बुधवार को तीन विकेट पर 256 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। सांगवान ने 257 गेंदों पर नाबाद 91 रन में 11 चौके लगाए हैं जबकि डोसेजा ने 141 गेंदों पर नाबाद 97 रन में 13 चौके और तीन छक्के लगाए हैं। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 143 रन की अविजित साझेदारी कर दिल्ली को तीन विकेट पर 113 रन की नाजुक स्थिति से उबारा है। कप्तान आयुष बदौनी ने 72 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 53 रन बनाये।

## खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक, 25 खेलों का होगा आयोजन

### डॉ. नीरज के. पवन ने की तैयारियों की समीक्षा



जयपुर, 15 अक्टूबर। बुधवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 के संबंध में शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष, राजस्थान राज्य कीड़ा परिषद डॉ. नीरज के पवन ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। यह खेल प्रदेश के सभी संभाग में 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक होने प्रस्तावित है। उन्होंने साथ ही इस संबंध में संबंधित खेल अधिकारियों और प्रशिक्षकों से जिलों व संभागो में की जा रही तैयारियों की भी जानकारी भी ली।

डॉ. नीरज के पवन ने कहा कि इन खेलों के आयोजन से राजस्थान की प्रतिष्ठा जुडी हुई है। माननीय मुख्यमंत्री भी चाहते है कि देश भर से आने वाले 6571 खिलाडी यहा के आयोजन और मेहमाननवाजी की यादे लेकर जाये और ऐसा आयोजन हो जिसे लोग बरसो बरस याद रखें। साथ ही इन खेलों के दौरान संबंधित जिलों के अच्छे खिलाडियों को भी आयोजन से जोडे या फिर उस दौरान आमंत्रित भी करें। किसी भी वेन्यू पर कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इन खेलों का दूरदर्षन पर सीधा प्रसारण भी होगा।

उन्होने बताया कि तीन चीजो का विषेष तौर से ध्यान रखा जाये, पहला जहां खिलाडी रूके हुए है, वह जगह पूर्णतया स्वच्छ हो खासकर शोचालय आदि।दूसरा जहां से वे जायेगें उन रास्तो में खास तौर से इन खेलों की झलक दिखाई दे और तीसरा खेल मैदान अच्छी तरह से तैयार हो और वहां कोई कमी नहीं रहें। सभी शोचालयों के साथ साथ स्टेडियम परिसर की डीप क्लीनिंग होगी। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डॉ. नीरज के पवन ने सभी वेन्यू की एक-एक करके जानकारी हासिल की और यदि कोई कमी रह गई तो उन्हे संबंधित अधिकारीध्प्रशिक्षक को सही कराने के निर्देष दिए। सभी वेन्यू पर शिक्षा विभाग से सामजस्य कायम कर विधार्थियों को मैच देखने के लिए आमंत्रित करे। इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाडियों को राजस्थान के सभी पर्यटन स्थलों पर घुमाने की व्यवस्था की जाये और वहा इनसे कोई चार्ज नहीं लिया जायेगा, ऐसी व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा की गई है।

जयपुर में जहां 10 खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, फुटबाल, तैराकी, टेनिस, मलखंभ, शूटिंग, हॉकी और साईक्लिंग (प्रस्तावित) शामिल है। इसके अलावा अजमेर मे रग्बी, खो-खो (डेमो स्पोर्ट्स), भरतपुर में कुश्ती व मुक्केबाजी, बीकानेर में कबड्डी व भारोत्तोलन, जोधपुर में योगा व टेबिल-टेनिस, कोटा में तलवारबाली व वालीबॉल, उदयपुर में जूडो, बीच वॉलीबॉल, क्याकिंग, केनोईंग व रोईंग खेलों का आयोजन किया जायेगा।

## रोनाल्डो ने गोल के मामले में बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड, कुल 41 गोल हुए



नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 40 साल की उम्र में एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मंगलवार को हंगरी के खिलाफ खेले गए मैच में रोनाल्डो ने दो गोल दागकर अपने कुल गोल की संख्या 41 कर ली और ग्वाटेमाला के कार्लोस रुइज को पीछे छोड़ दिया। लिस्बन के जोस अल्वाडे स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में रोनाल्डो का व्यक्तिगत प्रदर्शन शानदार रहा, लेकिन पुर्तगाल इंजरी टाइम में गोल खाने के बाद हंगरी के खिलाफ मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा। मैच के 8वें मिनट में हंगरी ने बढ़त बनाई। 22वें मिनट में रोनाल्डो ने अपना पहला गोल किया, जो उनके करियर का 974वां गोल था, जिससे पुर्तगाल ने 1-1 की बराबरी की। हाफ टाइम से ठीक पहले 45वें मिनट में उन्होंने दूसरा गोल दागकर पुर्तगाल को 2-1 से आगे कर दिया। ये उनके करियर का 948वां गोल था। हालांकि, हंगरी ने इंजरी टाइम में गोल करके मैच ड्रॉ करा दिया।

## तन्वी, उन्नति, रक्षिता पदक की ओर बढ़ी, ज्ञान दत्तू, भव्या-विशाखा ने भी जीत दर्ज की

गुवाहाटी, 15 अक्टूबर। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा, आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नित हुड्डा और दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता श्री रामराज ने बुधवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जारी योनेक्स सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने से पहले कुछ तनावपूर्ण क्षणों को पार किया। तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्टो को 15-12, 15-7 से हराया, उन्नित ने अमेरिका की एलिस वांग को 15-8, 15-5 से हराया और रक्षिता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया।

## नोमान के 10 विकेटों की बदौलत पाक ने 93 रनों से जीत दर्ज की

लाहौर, 15 अक्टूबर। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पहले मैच में 93 रनों की जीत के साथ 1-0 की बढ़त बना ली। शाहीन अफरीदी और नोमान अली ने दूसरी पारी में चार-चार विकेट लिए और नोमान अली ने मैच में 130 रनों पर कुल 10 विकेट लिए। नोमान अली को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दक्षिण अफ्रीका को चौथे दिन की शुरुआत में आठ विकेट शेष रहते 226 रनों की आवश्यकता थी, लेकिन दिन की तीसरी ही गेंद पर उन्हें करारा झटका लगा जब पहली पारी के शतकवीर टोनी डी ज़ोरज़ी अफरीदी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। नोमान, जिन्होंने रात में दो विकेट लिए थे, ने ट्रिस्टन स्टब्स को सस्ते में आउट कर दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत लड़खड़ाने लगी। इसके बाद मोहम्मद रिजवान ने नोमान की गेंद पर रयान रिकल्टन को स्टंपिंग करने का एक मुश्किल मौका गंवा दिया।

इसके बावजूद, रिकल्टन एक छोर पर डटे रहे जबकि ब्रेविस ने 54 रन प्रति गेंद की पारी खेली। रिकल्टन ने एक शानदार चौके के साथ



शुरुआत की जो पहली स्लिप से थोड़ा बचकर निकल गया और फिर नोमान की गेंदों पर 15 रन बनाकर यह साबित कर दिया कि आक्रमण ही रक्षापंक्ति का सर्वश्रेष्ठ रूप है। ब्रेविस ने हसन अली की गेंद पर चौका लगाकर सकारात्मक क्रिकेट खेलना जारी रखा और मेहमान टीम ने 100 रन पूरे किए। उन्होंने नोमान के खिलाफ अपने मौके भुनाए और मिड-विकेट पर स्लॉग स्वीप से एक और छक्का जड़ा जिससे उनका स्कोर 50 रन पर पहुंच गया। इसके बाद रिवर्स स्वीप ने ब्रेविस का आत्मविश्वास बढ़ाया।

इसके बाद नोमान की एक जादुई गेंद ब्रेविस के पास पहुंची और फिर तेज़ी से घूमकर ऑफ-स्टंप के ऊपरी हिस्से को पकड़ लिया। इस गेंदबाज ने मैच में अपने 10 विकेट भी पूरे किए। इस तरह दाएं-बाएं हाथ की जोड़ी के बीच 73 रनों की खतरनाक साझेदारी का अंत हो गया। दूसरे छोर से साजिद खान के आने से मेजबान टीम को लगभग तुरंत ही फायदा मिल गया क्योंकि रिकेल्टन की चुनौती का अंत हो गया क्योंकि उन्होंने स्लिप में एक गेंद को कैच कर लिया।

साजिद ने सेनुरन मुथुसामी की गेंद पर अपना दूसरा विकेट लिया, जिन्होंने रिव्यू भी ले लिया। अफरीदी ने काइल वेरेन को स्टंप के सामने से नीचे आती हुई एक गेंद पर आउट किया, जिस पर बल्लेबाज कुछ नहीं कर सका। इसके बाद उन्होंने प्रेनालन सुब्रायन और कागिसो रबाडा के बाकी बचे दो विकेट भी झटक लिए और पाकिस्तान ने 93 रनों से जीत हासिल की।

**संक्षिप्त स्कोर:** पाकिस्तान 378 और 167 (बाबर आजम 42, अब्दुल्ला शफीक 41; सेनुरन मुथुसामी 5-57, साइमन हार्मर 4-51) ने दक्षिण अफ्रीका को 269 और 183 (डेवाल्ड ब्रेविस 54, रयान रिकेल्टन 45; शाहीन अफरीदी 4-33, नोमान अली 4-79) 93 रनों से हराया।